उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

दीनदयाल धाम मेले की तैयारियां तेज, समिति ने बनाई रणनीति।



संवाददाता हरिपाल सिंह फरह। रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मभूमि दीनदयाल धाम में सात से अक्टूबर को आयोजित होने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव-मेले की तैयारियों को लेकर पं. दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेला समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मेले की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और सुझाव रखे।मेला समिति के अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा ने बताया कि दीनदयाल धाम में आयोजित होने वाला मेला इस वर्ष भी चार दिन चलेगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार गोष्ठी, रसिया दंगल और कवि सम्मेलन सहित विभिन्न आयोजन होंगे। मेला कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक ने कहा कि मेले को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं।दीनदयाल स्मारक के निदेशक सोनपाल ने बताया कि बैठक में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गोपालन, गोसंरक्षण और संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय, रोजगार, स्वावलंबन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और सामाजिक समरसता के विचारों को प्रमुखता दी जाएगी।

एक नज़र में

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शानदार नुक्कड़ नाटक का आयोजन।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शानदार नुक्कड़ नाटक का आयोजन।



संवाददाता हर्ष राठी जवाँ मंडल के कासिमपुर पावर हाउस नगर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का शानदार आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से जनसेवा, विकास एवं जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक देखा।भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा और जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।इस अवसर पर सुनील माथुर, जवाँ मंडल महामंत्री, सहित चेतन, वार्ष्णेय, सर्वेश गुप्ता, देवेश राघव, गणेश कुमार, पुष्पेंद्र एवं अमरेश कुमार उपस्थित रहे।सेवा • समर्पण • राष्ट्र निर्माण